1090-2
6/10/2017

कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा–मा/शाला दर्पण/60303/2016–17/ दिनांक :– 6-10-17

समस्त संस्था प्रधान

रामावि/राबामावि/राउमावि/राबाउमावि

अतिआवश्यक

विषयः– राज्य के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शतप्रतिशत आधार योजना से जोडे जाने के संबंध में।

प्रसंगः– राज्य सरकार का पत्र क्रमांक प.19(3)शिक्षा–6 /2017 दिनांक 12.09.17 व 13.9.17 एवं शिविरा–माध्य/ छाप्रोप/ए/ आधार–नामांकन/ 2016–17 दिनांक 25.9.2017

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रसंग में लेख है कि नीति आयोग की बैठक दिनांक 23.04.2017 के पश्चात् माननीय मुख्यमंत्री महोदया द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना में विद्यालयों में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को आधार योजना से जोड़ने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

इसी प्रकार सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अ.शा. पत्र द्वारा समस्त विद्यार्थियों के आधार कार्ड अतिशीघ्र आवश्यक रूप से बनाने के निर्देश प्राप्त हुए है। उक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों के आधार नम्बर जारी करवाकर उन्हें शाला दर्पण पर अविलम्ब अपडेट करवाना सुनिश्चित करें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जावें।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा–मा/शाला दर्पण/60303/2016–17/136 दिनांक :– 6-10-17

प्रतिलिपिः–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. निजी सचिव, शासन सचिव, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. राज्य परियोजना निदेशक, रामाशिपरिषद जयपुर ।
3. समस्त उपनिदेशक/जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा को भेजकर लेख है कि उक्त कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए इसकी रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरकर्त्ता कार्यालय में देवें।
4. उपनिदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर
5. स्टाफ ऑफिसर कार्यालय हाजा।
6. सिस्टम अनालिस्ट कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि इसे आज ही विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करे।

(उपनिदेशक माध्यमिक)

www.rajteachers.com